*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की नवीं बैठक संपन्न

वर्धा दि. 21 दिसंबर 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में भाषा विद्यापीठ के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. आनंद प्रकाश, डॉ. अशोक पावडे, वर्धा तथा सदस्य के रूप में प्रो. मनोज कुमार, प्रो. एल. कारूण्यकरा, प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, प्रो.



अनिल कुमार राय, मैत्रेयी घोष, प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. राजीव रंजन राय, कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान, विद्यार्थी सदस्य शावेज खान, सहायक कुलसचिव सुशील पखीडे उपस्थित थे।

प्रारंभ में उपस्थितों का स्वागत गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. शोभा पालीवाल ने किया। बैठक में विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने, उन्नत भारत अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, सामाजिक एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों हेतु आईसीटी के अनुप्रयोग पर कार्यशाला, हिंदी में भाषा व्यवहार विषय पर

कार्यशाला, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पर संगोष्ठी, युवा विकास केंद्र के अंतर्गत नवाचारी कार्यक्रम आदि को लेकर भी चर्चा की गई। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा की सीटों पर विचार विमर्श किया गया। गैर शैक्षणिक कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की गई। एक वर्षीय एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट कार्यक्रम प्रारंभ करने पर विचार किया गया तथा कारपोरेट सोशल रिस्पाँसिबिलिटी के अंतर्गत अन्य स्त्रोतों से अनुदान प्राप्त करने पर विचार विमर्श किया गया तथा जिसपर उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। डॉ. शोभा पालीवाल ने बैठक की कार्यसूची का विवरण प्रस्तुत किया तथा अंत में सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापित किया।